Reg. No. | | | | | | | | | |

BCMHDL 231

Third Semester B.Com. Degree Examination, April 2021
(Choice Based Credit System) (2020 – 21 Batch Onwards)
(Group – III) (Paper – III)
Compulsory Foundation Language – HINDI

Time : 3 Hours   Max. Marks : 80

I. किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । (5×2=10)

1) क्या लगे हुए हैं । पाँच साल हो गये पर ताजमहल बनना तो अभी शुरू भी नहीं हुआ है ।

2) नहीं नहीं सेठी साहब, हमारे रहते ऐसा नहीं हो सकता । भैइयाजी ऐसा नहीं कर सकते, आखिर ईमान भी तो कोई चीज़ होती है ।

3) अरे सुनिए जनाब, ये ताजमहल आपको कोई बिजलीघर नज़र आ रहा है, क्यों जी ? अरे ये एक मकबरा है, कोई पावर हाउस नहीं ।

4) जल्दी करो, जल्दी करो, अरे मैं कोई बावर्चीखाना बनवा रहा हूँ जो दो दिन में बनकर तैयार हो जाएगा ।

II. ताजमहल का टेंडर नाटक का सारांश अपने शब्दों में लिखिए । 10

अथवा

पठित नाटक के आधार पर गुप्ताजी का चरित्र चित्रण कीजिए ।

III. **एक** शब्द अथवा **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए । (1×5=5)

1) मनुष्य द्वारा बनाये गये मुखौटे की क्या विशेषता है ?

2) मुखौटा पहनकर कौन राजा बन सकता है ?

3) बाजार में मुखौटे किसे खोजते हैं ?

4) कवि किस तरह की कविता की खोज में है ?

5) ''ससन दिरी'' किसे कहते हैं ?

IV. सप्रसंग व्याख्या कीजिए । 5

पर अन्ततः सभी समझ जाते हैं,
मुखौटा सच नहीं कह सकता
क्योंकि उसकी भाषा में ही छिपा हुआ है झूठ ।

अथवा

क्या युद्ध हवाई जहाजों, युद्ध-पोतों, टैंकों
और अन्ततः दो राष्ट्राध्यक्षों के बीच
उनके हस्ताक्षर से लड़ा जाता है ... ?

V. ''मुखौटा'' – कविता का सारांश लिखकर विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । 10

अथवा

अनुज लुगुन ने ''गुरिल्ले का आत्मकथन'' – कविता में आदिवासियों के विस्थापन की पीडा का चित्रण कैसे किया है ?

VI. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(5+5=10)**

1) प्रयोजन मूलक हिंदी की विभिन्न प्रयुक्तियों का परिचय दीजिए ।

2) भेंटवार्ता लेखन की तैयारी कैसे की जाती है ?

3) 'विज्ञापन' के विभिन्न स्वरूपों का परिचय दीजिए ।

4) पारिभाषिक शब्दावली का तात्पर्य समझाइए ।

VII. अ) निम्न लिखित पारिभाषिक शब्दों के **हिंदी** रूप लिखिए । **(1×5=5)**

1) Director
2) Clerk
3) Certificate
4) Producer
5) Account

आ) आप हिन्दी पुस्तकों की एक नयी दुकान खोल रहे हैं, इसका एक विज्ञापन प्रस्तुत कीजिए । 5

इ) अपने मनपसंद किसी अभिनेता/राजनेता से संबंधित भेंटवार्ता प्रस्तुत कीजिए । 5

ई) निम्न लिखित पद्य भाग पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (1×5=5)

चारों ओर गन्दगी फैली, कूड़े-करकट का अम्बार ।
यह तो बाहरी गन्दगी, कर लो तुम इसका उपचार ।।
मंत्र स्वच्छता का अपनाओ, स्वस्थ सबल जीवन का दान ।
दूर करो गन्दगी, बच्चों, करो देश भर का कल्याण ।।
दूर गन्दगी होने से, खुशियों का संसार बसेगा ।
बस्ती अपनी सुन्दर होगी, वायु, देह, मन शुद्ध रहेगा ।।

प्रश्न :

1) पद्यांश केलिए उचित शीर्षक दीजिए ।

2) बाहरी गन्दगी से कवि का तात्पर्य क्या है ?

3) कवि ने कौन-सा मंत्र अपनाने को कहा है ?

4) कल्याण का क्या अर्थ है ?

5) खुशियों का संसार कब बसेगा ?

उ) निम्न लिखित गद्यभाग को मूल की **1/3** में संक्षिप्त कर लिखिए । 5

विज्ञापन करने का प्रधान साधन समाचार पत्र है । इससे विज्ञापन देनेवाले, समाचार पत्रों को निकालनेवाले और संबंधी उपभोक्ताओं को जहाँ लाभ होता है वहाँ उससे कही अधिक लाभ उन व्यक्तियों को होता है जो समाचार पत्रों को पढते हैं । समाचार पत्र में यदि विज्ञापन न आवे तो उनका मूल्य बहुत कुछ बढ जावे जिससे पढने वालों की संख्या भी निश्चित रूप से कम हो जायेगी । विज्ञापन का शिक्षा की दृष्टि से भी अधिक महत्व होता है क्योंकि इससे जनता को बहुत सी ऐसी वस्तुओं के बारे में ज्ञान हो जाता है जो उनको पहले मालूम नही रही हो । उदाहरण के लिए कभी-कभी समाचार पत्रों में हम देखते हैं कि बहुत सी दवाइयों के नुस्खे आया करते हैं जिससे यह ज्ञात हो जाता है कि अमुक दवाई में कौन-कौन सी वस्तुएँ मिली हैं ।

ऊ) क्रिकेट को लेकर दो मित्रों के बीच का संवाद प्रस्तुत कीजिए । 5